NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

DAINIK BHASKAR, Surat, 1.11.2022
Page No. 2, Size:(12.57)cms X (8.07)cms.

**बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट**

# 100 किमी रूट के पिलर बनकर तैयार, रेल मंत्री ने कहा- यह माइलस्टोन, बारिश हो या बाढ़ हमेशा चलता रहा काम

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस प्रोजेक्ट का 352 किमी का हिस्सा गुजरात राज्य में है। इसमें 31 अक्टूबर को कुल 100 किमी रूट पर पिलर बनाने का काम पूरा कर लिया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्वीट कर इसे माइलस्टोन बताया और कहा कि भारत के पहले हाई स्पीड रेल कॉरिडोर में 100 किमी रूट पर पिलर खड़ा करने का काम पूरा कर लिया गया है। यह ऐतिहासिक है। पिछले डेढ़ वर्षों के अंदर ये माइलस्टोन हासिल किया गया। इस दौरान भारी बारिश भी हुई, बाढ़ भी आई, लेकिन काम 24 घंटे चलता रहा। इसी का यह परिणाम है।

**जमीन अधिग्रहण की स्थिति**

- **97.82%** जमीन का अधिग्रहण हो चुका
- **98.87%** गुजरात में जमीन अधिग्रहण
- **100%** दादरा नगर हवेली में अधिग्रहण
- **95.45%** महाराष्ट्र में जमीन अधिग्रहण



**प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति**

| | |
|---|---|
| पिलर - | 100 किमी |
| पाइल कास्ट - | 193 किमी |
| वायडक्ट - | 9.2 किमी |
| गर्डर कास्टिंग - | 22.7 किमी |

# 100 किमी. तक बुलेट ट्रेन के पिलर तैयार

Veerendra.Kumar@timesgroup.com

■ **नई दिल्लीः** अहमदाबाद और मुंबई के बीच निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन ने सेंचुरी लगाई है। दरअसल, बुलेट ट्रेन के लिए बनाए जा रहे खंभे 100 किलोमीटर तक बनकर तैयार हो गए हैं। अकेले गुजरात में 352 किलोमीटर बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। इसके लिए काम चल रहा है, जबकि अहमदाबाद से मुंबई तक इस बुलेट ट्रेन ट्रैक की दूरी करीब 508 किलोमीटर है।

रेल मंत्रालय की कोशिश है कि 2026 तक यहां पर 320 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से बुलेट ट्रेन दौड़ लगाने लगे। रेल मंत्रालय और नैशनल हाईस्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड से मिली जानकारी के मुताबिक, अहमदाबाद से मुंबई के बीच इस बुलेट ट्रेन के तहत 12 स्टेशन बन रहे हैं। इनमें से गुजरात के तहत आने वाले 8 स्टेशनों पर काम तेजी के साथ फाइनल की ओर चल रहा है। बाकी महाराष्ट्र में 4 स्टेशन हैं, वहां भी सारी मुश्किलें दूर हो गई हैं। अहमदाबाद और मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन ने 508.17 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दूरी तय करनी है। अगर बुलेट ट्रेन कुछ चुनिंदा स्टेशन पर रुकेगी तो वह 2 घंटे 7 मिनट में दूरी पूरी करेगी। अगर सभी स्टेशनों पर रुककर चलेगी तो अहमदाबाद और मुंबई के बीच की दूरी 2 घंटे 58 मिनट में पूरी होगी।



■ 193 किलोमीटर एरिया में पिलर खड़े करने का काम चल रहा है

■ 2026 में मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन दौड़ाने की तैयारी जोरशोर से जारी है

जानकारी के मुताबिक, 100 किलोमीटर तक पिलर तैयार हो चुके हैं। बाकी के इलाके में पिलर खड़े करने के लिए 193 किलोमीटर पर काम चल रहा है। इस प्रॉजेक्ट के तहत 9.4 किलोमीटर लंबी वायाडक्ट तैयार हो गई है, जिसमें 2.7 किलोमीटर लंबी नवसारी के पास की वायाडक्ट भी शामिल है। बाकी 6.7 किलोमीटर अन्य इलाकों में हैं। साथ ही इन पिलरों के ऊपर 22 .7 किलोमीटर एरिया तक गार्डर डाल दिए गए हैं। इन पर ट्रेन के लिए ट्रैक बनेगा।

प्रॉजेक्ट के लिए नर्मदा, ताप्ती, माही और साबरमती पर बनने वाले ब्रिज का काम भी तेजी के साथ चल रहा है। गुजरात के तहत आने वाले 352 किलोमीटर लंबे सेक्शन के लिए सिविल और ट्रैक का 100 फीसदी काम का कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया है। बुलेट ट्रेन के लिए गुजरात के साबरमती में ऑपरेशन एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जा रहा है।

अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट के लिए कुल 97.82 फीसदी जमीन का अधिग्रहण पूरा हो चुका है। गुजरात में 98.87 फीसदी जमीन का अधिग्रहण हो चुका है। महाराष्ट्र में पहले से कुल 95.45 फीसदी जमीन ली जा चुकी है। यहां 73. 83 फीसदी जमीन पर कब्जा मिल चुका है।

NAVBHARAT TIMES, Delhi, 1.11.2022
Page No. 13, Size:(20.17)cms X (10.54)cms.

# गुजरात में बुलेट ट्रेन के लिए 100 किमी. इलाके तक लंबे पिलर बन कर तैयार

Veerendra.Kumar@timesgroup.com

**नई दिल्लीः** अहमदाबाद और मुंबई के बीच निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन ने सेंचुरी लगाई है। बुलेट ट्रेन के लिए बनाए जा रहे खंभे 100 किमी.तक बनकर तैयार हो गए हैं। अकेले गुजरात में 352 किलोमीटर बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। इसके लिए काम चल रहा है, जबकि अहमदाबाद से मुंबई तक इस बुलेट ट्रेन ट्रैक की दूरी करीब 508



किलोमीटर है। रेल मंत्रालय की कोशिश है कि 2026 तक यहां पर 320 किमी.प्रति घंटे की दर से बुलेट ट्रेन दौड़ लगाने लगे। रेल मंत्रालय और नैशनल हाईस्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड से मिली जानकारी के मुताबिक, अहमदाबाद से मुंबई के बीच इस बुलेट ट्रेन के तहत 12 स्टेशन बन रहे हैं। इनमें से गुजरात के तहत आने वाले 8 स्टेशनों पर काम तेजी के साथ फाइनल की ओर चल रहा है। बाकी महाराष्ट्र में 4 स्टेशन हैं, वहां भी सारी मुश्किलें दूर हो गई हैं। अहमदाबाद और मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन ने 508.17 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 320 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दूरी तय करनी है।

SANDESH, Ahmedabad, 1.11.2022
Page No. 2, Size:(6.11)cms X (8.43)cms.

**Pillar work completed for bullet train on 100 km route in Gujarat**

દેશની પ્રથમ બુલેટ ટ્રેનનું કામ પુરજોશમાં

# ગુજરાતમાં ૧૦૦ કિ.મીના રૂટમાં બુલેટ ટ્રેન માટે પીલરોનું કામ પૂર્ણ



। અમદાવાદ ।

અમદાવાદ-મુંબઈ વચ્ચે દેશની પ્રથમ બુલેટ ટ્રેનની કામગીરી પુરજોશમાં ચાલી રહી છે. ત્યારે ગુજરાતમાં ૧૦૦ કિ.મી સુધીના રૂટમાં બુલેટ ટ્રેન માટેના પીલરોનું નિર્માણ કાર્ય પૂર્ણ થઈ ગયું છે. રાજ્યમાં કુલ ૩૫૨ કિલોમીટરના રૂટમાં પીલરોનું નિર્માણ થવાનું છે. ઉપરાંત બુલેટ ટ્રેન માટે રાજ્યની નર્મદા, તાપી, મહી અને સાબરમતી નદી ઉપર બ્રિજની કામગીરી પણ વેગવંતી બની છે. જો કે બુલેટ ટ્રેન માટે ગુજરાતમાં ૯૮.૮૭ ટકા જેટલી જમીન સંપાદન સાથે મુંબઈ, દાદરાનગર હવેલી મળીને કુલ ૯૭.૮૨ ટકા જમીન સંપાદન અત્યારસુધીમાં થયુ હોવાનું નેશનલ હાઈ સ્પીડ રેલ કોર્પોરેશન લીમીટેડે જણાવ્યું છે.